तापमान

अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 25 सितंबर, 2025



10 9 साल बाद हुई मक्खन की ताजपोशी, जिप चेयरमैन बने



10 वार्ड 4 में होगा गली का निर्माण, अध्यक्ष ने किया शिलान्यास




## खबर संक्षेप

### बच्चे को पीटने वाले मौलवी पर केस दर्ज

**पानीपत।** इस्लामिक शिक्षा लेने में लापरवाही बरतने का आरोप लगा नौ साल के बच्चे को बुरी तरह से पीटने वाले मौलवी आलीशान पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मौलवी आलीशान के खिलाफ बच्चे के पिता मोहम्मद अंसारी निवासी गांव पसीना ने शिकायत दी है। वहीं थानेदार अनिल ने बताया कि बच्चे को पीटने जाने के मामले में मौलवी आलीशान पर केस दर्ज कर लिया है। बच्चे के शरीर पर मारपीट के निशान है।

### युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाया

**पानीपत।** ओल्ड इंडस्ट्रीज थाना पुलिस ने बुधवार को 24 वर्षीय सागर पुत्र ओमपाल निवासी पप्पू कालोनी के शव का पोस्टमार्टम करवाया। स्मरणीय है कि सागर ने मंगलवार को अपने घर पर फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। वहीं परिजन सागर के शव का पुलिस को बिना बताए, बिना पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार कर रहे थे। इस संबंध में सूचना मिलने पर पुलिस शिवपुरी पहुंची और सागर के शव को अपने कब्जे में ले लिया।

### पंप में तेल की गड़बड़ी से कार चालक का हंगामा

**करनाल।** जीटी रोड के अल्फा सिटी के समीप तेजेंद्रा पेट्रोल पंप पर एक बीएमडब्ल्यू कार चालक रविंद्र ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके वाहन में तेल में गड़बड़ी हुई। पंप पर मौजूद महिला कर्मचारी ने उसे 76.70 लीटर डीजल की पर्ची थमा दी, जबकि कार की टंकी केवल 70 लीटर की थी। पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि कार की टंकी में पहले से ही 5 लीटर तेल मौजूद था। टंकी खोलकर तेल की जाँच के बाद 57 लीटर ही निकला।

### सीआईए की कार्रवाई, 9 सट्टेबाज किए गिरफ्तार

**करनाल।** जिले में सट्टे का खेल अब भी जारी है। घरौंडा में हुई बड़ी कार्रवाई के बावजूद विभिन्न स्थानों पर यह खेल चल रहा है। मंगलवार देर रात सीआईए-3 की टीम ने रामनगर में दबिश दी और सट्टा खेलते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के पास से 1.23 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। रामनगर थाना में आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## राज्यमंत्री राजेश नागर ने किया अनाज मंडी का निरीक्षण

# धान खरीद का लिया जायजा, किसानों और आढ़तियों से व्यवस्था को लेकर की बातचीत

*खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री बोले, किसानों की सुविधा को ध्यान में रखकर सीएम ने मंडियों में समय से पहले शुरू की धान की खरीद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** राज्य मंत्री श्री राजेश नागर अनाज मंडी में धान खरीद को लेकर किसान से बातचीत करते हुए।

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने बुधवार को अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में धान खरीद कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने किसानों और आढ़तियों से बातचीत की। किसानों एवं आढ़तियों ने खरीद व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इससे पहले मार्केट कमेटी कार्यालय में पहुंचने पर एसडीएम शिवजीत भारती ने राज्य मंत्री को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। राज्य मंत्री ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से अब तक हुई धान की आमद और खरीद के बारे में जानकारी प्राप्त की। मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद सीजन के दौरान किसी भी किसान को दिक्कत न आए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

- किसानों को राहत देते हुए इस बार खरीद को पहले ही 22 सितंबर से शुरू कर दिया है।

धान खरीद को लेकर प्रदेश सरकार ने किसानों को राहत देते हुए इस बार 1 अक्तूबर से प्रस्तावित खरीद को पहले ही 22 सितंबर से शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस मौके पर उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान में नमी की मात्रा को भी चेक किया।

उन्होंने कहा कि मंडियों में बिजली, पानी, शौचालय और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंडी में आने वाले किसानों को पीने के पानी की कोई समस्या न हो। राज्य मंत्री ने कहा कि धान खरीद में पारदर्शिता व निष्पक्षता बरती जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार किसानों की हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से काम करें। नागर को अधिकारियों ने जानकारी दी कि अब तक यहां की अनाज मंडी एवं भरेड़ी और बेरखेड़ी खरीद केंद्रों पर कुल 48,343 क्विंटल धान की आमद हो चुकी है जबकि 17,493 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। यहां ग्रेड-ए पैड़ी कॉमन धान आता है जिसकी खरीद एमएसपी 2,389 रुपये प्रति क्विंटल पर की जा रही है। मंडी में 17 प्रतिशत नमी तक धान की खरीद की जा रही है। इस मौके पर राज्य मंत्री श्री राजेश नागर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि धान खरीद को लेकर मंडियों में व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पहले ही संबंधित अधिकारियों को इस बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि खरीद सीजन को देखते हुए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अनाज मंडी एवं अन्य खरीद केंद्रों पर कुल 8,33,543 क्विंटल धान की खरीद हुई थी।

## पेट्रोल पंप पर जांची व्यवस्थाएं

# अचानक पंप पर पहुंचे राज्यमंत्री तेल डालने की नोजल को जांचा



**अंबाला।** नोजल के जरिए डाले जा रहे तेल को चेक करते मंत्री राजेश नागर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री राजेश नागर ने बुधवार को को अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर काकरू स्थित गौतम पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नोजल के माध्यम से पंप पर पेट्रोल के पैमाने को चेक किया।

इसके साथ-साथ उन्होंने पेट्रोल पंप की अन्य गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। बता दें कि खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सडक़ मार्ग के माध्यम से दिल्ली से वापिस चंडीगढ़ आ रहे थे। तब उन्होंने गौतम पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान पेट्रोल पंप पर मशीनों पर लगी नोजल के माध्यम से पेट्रोल की मात्रा को चेक किया। उन्होंने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि लगभग 14 नोजल के माध्यम से पेट्रोल की मात्रा/पैमाने को चेक किया गया है। पंप पर सभी व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। उन्होंने पेट्रोल पंप पर उपभोक्ताओं के लिए पेयजल व्यवस्था, शौचालायों की व्यवस्था के साथ-साथ अग्नि शमन यंत्रों के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी पंप सभी हिदायतों की पालना करें ताकि उपभोक्ताओं को गणवत्ता युक्त व सही पैमाने में पेट्रोल इत्यादि मिल सके। इस मौके पर मापतोल विभाग के इंसपेक्टर दलीप कुमार भी मौजूद रहे।

## नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार

# 3.800 किलो गांजा समेत तस्कर गिरफ्तार, छह दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



आरोपी के कब्जे से 3 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया है।

पुलिस ने नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। इस सिलसिले में एक आरोपी को काबू किया है। अब पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है। इस मामले में कई दूसरे आरोपियों के भी पकड़े जाने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना अंबाला छावनी के सुभाष चौक के पास से नशा तस्करी के मामले में बिहार के रहने वाले आरोपी दिनेश कुमार को काबू किया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया है। पूछताछ के लिए पुलिस ने आरोपी को छह दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। सीआईए टू के उप-निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। वह अंबाला छावनी से नशे की बड़ी खेप के साथ निकलेगा। सूचना उपरांत पुलिस ने सुभाष चौक के पास आरोपी को काबू किया। यहां पहचान के बाद उसके कब्जे से गांजा जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया है।

### अवैध हथियारों की खेप के साथ दो गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने बाइक सवार दो आरोपियों लोकेश पुत्र अनिल निवासी गांव नामुंडा हाल निवासी भरत कालोनी, समालखा व नीरज उर्फ मेदा पुत्र मदन गांव मनाना जिला पानीपत को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों से दो देसी पिस्तौल, एक रौंद बरामद किया है। आरोपी बिन नंबर प्लेट की बाइक पर सवार थे। वहीं, एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि दोनों की तलाशी ली तो एक की जेब से एक देसी पिस्तौल व दूसरे की जेब से एक देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

# हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

- आरोपी महिला से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई गई
- एंटी नारकोटिक सेल ने गांव बरोली माजरा में की रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने छछरौली थाना क्षेत्र के गांव बरोली माजरा में छापामारी कर एक महिला को 50 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी महिला से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने आरोपी महिला को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि महिला काफी दिनों से नशीला पदार्थ बेचने का काम करती थी।

### न्यायिक हिरासत में भेजा

*जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात पीएसआई नवीन कुमार ने बताया कि देर शाम उनकी टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव बरोली माजरा निवासी सीमा खातुन नशीला पदार्थ बेचने का काम करती है। महिला इस समय अपने घर पर मौजूद है और नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही टीम ने गांव बरोली माजरा में पहुंचकर महिला के घर में दबिश दी। महिला के घर की तलाशी लेने पर वहां से 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी बाजार में कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। टीम ने मामले की सूचना छछरौली पुलिस को दी। पुलिस ने सीमा खातुन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।*

## पूर्व विधायक को दो करोड़ की मानहानि का नोटिस

**समालखा।** आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने समालखा के पूर्व विधायक भरत सिंह छोक्कर पर मानहानि करने का आरोप लगाते हुए दो करोड़ रुपये का लीगल नोटिस भेजा है। साथ ही शर्त की एक करोड़ रुपये की राशि भी तुरंत जमा कराने की मांग की है ताकि इसे अनाथालय व वृद्ध आश्रम में दान किया जा सके। नोटिस में कपूर ने चेतावनी दी कि अगर पंद्रह दिन में पूर्व विधायक भरत सिंह छोकर ने लिखित माफ़ी न मांगी तो उनके विरुद्ध मानहानि की दो करोड़ रुपये मुआवजा राशि वसूली के लिए सिविल कोर्ट में व सजा कराने के लिए क्रिमिनल कोर्ट में शिकायत केस दर्ज कराया जाएगा। कपूर ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक ने गत सात सितंबर को प्रेस कांफ्रेंस करके व वीडियो वायरल करके उन पर बेबुनियाद इलज़ाम लगा कर उन्हें बदनाम किया है। वहीं, कपूर ने बताया कि पूर्व विधायक उनसे रंजिश रखते हैं और हर वक्त बेवजह उन्हें बदनाम करने में लगे रहते हैं। इनके विरुद्ध पहले भी समालखा कोर्ट में मानहानि के दो शिकायत केस दर्ज करा रखे हैं।

- एक करोड की राशि अनाथालय व वृद्ध आश्रम के दान की जाएगी

### सजायाफ्ता महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत जेल में पति अनिल की हत्या के दोष में पानीपत जेल में कैद भोग रही संगीता की सिविल अस्पताल में मौत हो गई। जेलर ने बताया कि संगीता कैंसर से पीडित थी और उसका उपचार चल रहा था। मंगलवाल के हालत बिगडने पर संगीता को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां उपचार के दौरान उसने दमतोड दिया। जेल प्रशासन की सूचना पर पुलिस व परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने जांच के बार संगीता के शव का पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया। स्मरणीय है कि संगीता मूल रूप से उत्तर प्रदेश की निवासी थी और उसका विवाह पानीपत के धूप सिंह नगर निवासी अनिल से हुआ था।

## ज्यादा ब्याज वसूलने पर दो फाइनेंसरों के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** ज्यादा ब्याज वसूलने के आरोप में पुलिस ने दो फाइनेंसरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ति व्यक्ति का आरोप है कि ब्याज समेत पूरे रुपये लौटने के बाद भी आरोपियों ने उनकी तरफ एक लाख 13 हजार रुपये की देनदारी निकाली हुई है। ब्लैंक चेक व खाली स्टांप वापस मांगने पर आरोपी उन्हें धमकियां देते हैं। जानकारी के अनुसार रामपुरा खादर निवासी चरण सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि वह सुखमनी पैलेस के पास पहले चाय की दुकान करता था। वह बूड़िया निवासी राजकुमार को काफी पहले से जानता था। उसने आरोपी से 15 हजार रुपये ब्याज पर लिए थे। मगर उसने यह रुपये ब्यास समेत वापस कर दिए। अब फिर से उसे रुपयों की जरूरत थी तो उसने आरोपी से 21 हजार रुपये ब्याज पर लिए थे। आरोपी ने उसके बदले उससे चार ब्लैंक चेक और खाली स्टांप पेपर लिया। इसके बाद उसने आरोपी को ब्याज समेत 37 हजार रुपये लौटा दिए। जब उसने आरोपी से अपने ब्लैंक चेक व स्टांप पेपर वापस मांगा तो आरोपी ने यह देने से मना कर दिया। आरोपी ने उनकी तरफ एक लाख 13 हजार रुपये की देनदारी निकाली हुई है। रुपये न देने पर आरोपी उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने बताया कि आरोपी श्यामा नाम के व्यक्ति को उनके घर पर लेकर आ जाता है और उनको धमकियां देता है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद राजकुमार व श्यामा के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पीड़ित व्यक्ति ने लगाया ब्याज समेत पूरे पैसे वसूलने के बाद भी बकाया एक लाख 13 हजार निकालने का आरोप

## पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी में व्यापारियों से किया जनसंपर्क

# स्वदेशी अपनाने से बनेगा आत्मनिर्भर भारत : कंवरपाल

- व्यापारियों को जीएसटी सुधारों से होने वाले लाभ की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी में जीएसटी सुधारों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ व्यापारियों से जनसंपर्क करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जीएसटी सुधार करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। यह स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने उक्त शब्द बुधवार को जीएसटी सुधारों को लेकर जगाधरी में व्यापारियों से किए गए जनसंपर्क अभियान के दौरान कहे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी में बड़े सुधारों की घोषणा करके बहुत सराहनीय कार्य किया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार भी आम जनता तक इसका सीधा लाभ पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है। जिससे आमजन में खुशी का माहौल है। यह जीएसटी संबंधित सुधार गत 22 सितंबर से लागू हो गए हैं। नए जीएसटी सुधारों और आयकर में छूट को मिलाकर देशवासियों को सालाना बड़ी बचत होगी।

एक राष्ट्र, एक टैक्स से देश आर्थिक तौर पर मजबूत हुआ है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि पहले की चार जीएसटी दरों 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत को घटाकर दो मुख्य दरों 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार के इस कदम से रोजमर्रा के इस्तेमाल की करीब 99 प्रतिशत चीजें अब 5 प्रतिशत या उससे कम की जीएसटी दर के दायरे में आ गई हैं। इससे आम आदमी को काफी बचत होगी। इसके अलावा सरकार ने बजट में इस वर्ष 12 लाख रुपये तक की आय को टैक्स फ्री करके आयकर में राहत का तोहफा दिया है। जिससे मध्यम वर्ग को फायदा होगा।

### आम नागरिकों का आह्वान

*पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने व्यापारियों के साथ साथ आम नागरिकों से आह्वान किया है कि सभी नागरिक स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी से देश आत्मनिर्भर बनेगा। इन सुधारों से उद्योगों और व्यापारियों के लिए कर प्रणाली और अधिक सरल हो जाएगी। जिससे उनके कारोबार में भी बढ़ोतरी होगी। यह अगली पीढ़ी का जीएसटी किसानों से लेकर उद्यमों तक, परिवार से लेकर व्यवसाय तक खुशियां लेकर आया है इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।*

### ये रहे मौजूद

मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, प्रियंक शर्मा, कृष्ण खदरी, भाजपा नेता विपुल गर्ग, सीताराम मित्तल, पूनम अग्रवाल व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

# निवेश में मुनाफा के नाम पर ठगे 7.47 लाख रुपये

- पुलिस ने एक महिला के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ऑनलाइन बिजनेस में निवेश कर अधिक मुनाफ कमाने का लालच देकर एक युवती व युवक से 7.47 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप पंजाब के जिला पटियाला के आजाद नगर निवासी निशा पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर के विष्णुनगर निवासी गुरप्रीत कौर व कर्मजीत सिंह ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि जनवरी 2024 में पटियाला के आजाद नगर की निशा ने उनसे इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से संपर्क किया। ऑनलाइन बात करते हुए निशा ने खुद को ऑनलाइन बिजनेस एक्सपर्ट बताया। निशा ने कहा कि ऑनलाइन बिजनेस में निवेश करने पर कई गुना मुनाफा कमाया जा सकता है। निशा ने उन्हें निवेश के लिए मनाया। निशा की बातों में आकर उन्होंने उसके बताए खातों में 28 जनवरी 2024 से 17 जुलाई 2025 तक 7.47 लाख रुपये डाल दिए।

इसके बाद उन्होंने निशा को मुनाफा देने के लिए कहा तो वह टाल मटोल करती रही। परेशान होकर जब उन्होंने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो उसने उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी और पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# श्रद्धालुओं ने शरदीय नवरात्रि के तीसरे दिन की मां के चंद्रघंटा स्वरुप की आराधना



यमुनानगर। दुर्गा माता मंदिरों में दर्शन करने के लिए लाइनों में लगे श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## मंदिरों में माता के दरबार में पहुंचकर मां के भक्तों ने चढ़ाया नारियल और चुनरी

**मां के मंदिरों में दिन भर गूंजते रहे जय माता के जयकारे**

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

शरदीय नवरात्रि के तीसरे दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर मां के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने मां को नारियल और चुनरी चढ़ाकर पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। खास बात यह रही कि त्रिलोकपुर स्थित मां के मंदिर में रोजाना आसपास के क्षेत्र समेत प्रदेश के अन्य जिलों से भी रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचकर मां के दर्शन कर उनकी कृपा प्राप्त कर रहे हैं।

बुधवार सुबह से ही श्रद्धालु शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर समेत जिले में स्थित मां के मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए थे। इस दौरान मां के भक्तों ने मां के तीसरे मनोहारी स्वरुप चंद्रघंटा की पूजा की। उन्होंने नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। खास बात यह रही की मां आदि शक्ति जगत जननी के सभी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर, बाला सुंदरी मंदिर, मां लक्ष्मी मंदिर, त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर समेत अन्य मंदिरों में हजारों भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान भजन कीर्तन का आयोजन कर श्रद्धालुओं ने मां का गुणगान किया।

### भय से छुटकारा व शक्ति देती है मां चंद्रघंटा

पंडित यशपाल कौशिक ने बताया कि मां दुर्गा का तीसरा स्वरुप चंद्रघंटा है। इस स्वरुप के स्तवन मात्र से ही मनुष्य भय से मुक्ति प्राप्त कर शक्तिशाली बनता है। इस माता की अराधना करने से सभी संकटों से छुटकारा मिल जाता है। मां के मस्तिक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र होने के कारण ये चंद्रघंटा कहलाती है। इस मां का स्वरुप हमें परम सुख व शांति की अनुभूति कराता है। मां के ज्योतिर्मयी स्वरूप का ध्यान जीवनी शक्ति का संवर्धन कराता है। यह माता अविवेक को दूर कर हमें प्रेम, स्नेह और वात्सल्य जैसी कोमल वृत्तियों की अनुभूति प्रदान करती है। हमारी भीतरी संवेदनाओं और आध्यात्मिक ज्ञान को जागृत कर आत्मकल्याण के मार्ग पर अग्रसर होने की शक्ति प्रदान करती है। इनके स्वरूप की अराधना करना जीवन के लिए काफी सुखदायी है।

## खबर संक्षेप

### युवक ने महिला के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने युवक पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। आरोपी युवक पर महिला के साथ जबरदस्ती करने, जान से मारने की धमकी देने व जाति सूचक शब्द बोलने का भी आरोप है। साढौरा थाना क्षेत्र निवासी 32 वर्षीय महिला ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव का रिंकू कई दिनों से पीछा कर उसे परेशान कर रहा था।

### रंजिशन आधा दर्जन लोगों ने पीटा, घायल

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के गांव खेड़की ब्राह्मणान में रंजिश के चलते आधा दर्जन लोगों ने गांव के ही निर्मल कुमार को पीटकर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव खेड़की ब्राह्मणान निवासी निर्मल ने रादौर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही उदय कुमार व पुष्प के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।

गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस

## बच्चों ने कविताओं और भाषण से शहीदों का किया सम्मान



यमुनानगर। रादौर के मुकंदलाल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सैनिकों के सम्मान में बनाए गए पोस्टर दिखाते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

**मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में कार्यक्रम आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बुधवार को गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने गुरु तेग बहादुर जी से संबंधित कलाचित्र, वाद .विवाद और निबंध लेखन आदि गतिविधियों में भाग लिया।

स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने बताया कि विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर बच्चों में एक नए उत्साह और जोश का संचार हुआ। विद्यार्थियों ने कई नई बातें सीखी और अपने व्यक्तित्व को सुधारने के लिए इन बातों से शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने मौके पर बच्चों को गुरु तेग बहादुर के जीवन से अवगत कराया और उनसे शिक्षा लेने के लिए कहा। इन गतिविधियों का आयोजन अध्यापिका आंचल और मोना चोपड़ा की देखभाल में किया गया। इसके साथ ही स्कूल में हरियाणा वीर दिवस भी मनाया गया। बच्चों ने सैनिकों से संबंधित पोस्टर मेकिंग, कविताएं और भाषण के माध्यम से शहीदों के प्रति अपने दिल के सम्मान को प्रकट किया।

आबकारी एवं कराधान विभाग की ओर से कई संस्थाओं के सदस्यों की बैठक आयोजित

# जीएसटी सुधारों से साल भर में आम नागरिकों को होगा करोड़ों का लाभ

डीईटीसी(सेल्स एंड टैक्स) अदितेन्द्र तक्षक ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा जीएसटी सुधारों को लेकर शहर के होटल में प्लाइवुड, करियाना एसोसिएशन, आढ़ती एसोसिएशन, मेटल एसोसिएशन व अन्य औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीईटीसी(सेल्स एंड टैक्स) अदितेन्द्र तक्षक ने की।

डीईटीसी(सेल्स एंड टैक्स) अदितेन्द्र तक्षक ने बताया कि जीएसटी सुधारों के लाभ और महत्व की जानकारी आमजन और व्यापारियों तक पहुंचाने के लिए जीएसटी जागृति अभियान शुरु किया गया है। यह अभियान 15 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत आम नागरिकों, दुकानदारों और ग्राहकों को सुधारों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल और विभिन्न मार्केट एसोसिएशनों के पदाधिकारियों को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। ताकि व्यापारी वर्ग प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो सकें। जीएसटी सुधारों के प्रचार प्रसार के लिए प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक्स व सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी उपयोग किया जा रहा है।




यमुनानगर। आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीईटीसी( सेल्स एंड टैक्स) अदितेन्द्र तक्षकाला फोटो : हरिभूमि

### भारत में निर्मित वस्तुओं को अपनाने की अपील

इसके लिए जीएसटी सुधार से ईज ऑफ डूइंग, स्वदेशी और हरियाणा जैसे हैशटैग चलाए गए हैं। डीईटीसी(सेल्स एंड टैक्स) अदितेन्द्र तक्षक ने कि इस अभियान का उद्देश्य केवल कर सुधारों की जानकारी देना ही नहीं है बल्कि लोगों को भारत में निर्मित वस्तुओं को अपनाने और स्वदेशी की भावना को प्रोत्साहित करने का भी संदेश देना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस अभियान के माध्यम से न केवल व्यापारी वर्ग जागरूक होगा बल्कि आमजन को भी इन सुधारों का सीधा लाभ मिलेगा।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व चेयरमैन राम निवास गर्ग,यूएचबीवीएन के स्वतंत्र निदेशक करनेश शर्मा, गिरीश पुरी,पार्षद भावना पवन बिट्टूए, अमन व शुभम राणा आदि मौजूद रहे।

### बाइक सवार युवकों ने व्यक्ति से झपटा सोने का लॉकेट, अन्य स्थान पर महिला से थैला

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों से बाइक सवार युवकों ने एक व्यक्ति से सोने का लॉकेट तथा एक महिला से थैला झपट लिया। थैले में दस हजार रुपये की नकदी, मोबाइल, आधार कार्ड व बैंक की कॉपी थी। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बूड़िया पुलिस को दी शिकायत में गांव सुघ निवासी नंद किशोर ने बताया कि 23 सितंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे वह काम खत्म कर बाइक पर घर लौट रहा था। इस दौरान वह गांव के पास आकर सड़क किनारे खड़ा हो गया। तभी बाइक सवार दो युवक आए और उनमें से एक युवक ने उनके गले से सोने का लॉकेट झपट लिया। इसके बाद बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गए। उसने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गए। उसने इसकी शिकायत पुलिस को दी। गांव किशनपुरा निवासी बबली ने थाना प्रतापनगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 सितंबर की दोपहर वह घर से किसी काम निकली थी। इस दौरान जैसे ही वह गांव की कश्यप धर्मशाला के समीप पहुंची। तभी बाइक सवार दो युवक आए और उनमें से एक युवक ने उसके हाथ से थैला झपट लिया। इसके बाद बाइक पर दोनों युवक मौके से फरार हो गए। शोर मचाने पर आसपास लोग जुटे और बाइक सवार युवकों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। मगर वह भागने में कामयाब हो गए। बबली ने बताया कि थैले में दस हजार रुपये की नकदी, मोबाइल, बैंक की कॉपी व आधार कार्ड था।

## अलाहर-कांजनू मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से लोग परेशान

- क्षेत्र के लोगों ने की लंबे अर्से से क्षतिग्रस्त पड़े अलाहर-कांजनू मार्ग को दुरुस्त किए जाने की मांग
- सड़क के चलते किसान धान से भरे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने को लेकर आशंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जिले का अलाहर-कांजनू मार्ग लंबे अर्से से क्षतिग्रस्त पड़ा होने से लोग परेशान हैं। क्षेत्र के लोगों ने प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मार्ग को दुरुस्त करवाए जाने की मांग की है। क्षेत्र निवासी राजेश, प्रवेश, दीपांशु, सोनू, मुकेश, राहुल व योगेश आदि ने बताया कि गांव अलाहर से कांजनू तक का सड़क मार्ग लंबे अर्से से क्षतिग्रस्त पड़ा है। मार्ग पर गड्ढे बनने से वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने लगे हैं। उन्होंने बताया कि आजकल खेतों में धान की कटाई जोरो पर है। किसान अपनी धान को ट्रैक्टर ट्राली व अन्य वाहनों में भरकर उसे बेचने के लिए अनाज मंडियों में जा रहे हैं। मगर मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से किसान अपने धान से भरे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने के अंदेशा से आशंकित हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक मार्ग को ठीक नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग मार्केटिंग बोर्ड के अधीन है। मगर मार्केटिंग बोर्ड भी इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस सड़क मार्ग से खादर क्षेत्र के लगभग 20 से 25 गांवों के हजारों लोग प्रतिदिन वाहनों से अपने गंतव्य तक जाते हैं। जिन्हें टूटी सड़क के कारण भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।



यमुनानगर। क्षतिग्रस्त पड़ा अलाहर-कांजनू मार्ग। फोटो : हरिभूमि

### मरम्मत का कार्य जल्द किया जाएगा शुरु

विभाग के एसडीओ अरुण पोसवाल ने बताया कि अलाहर से कांजनू मार्ग को जल्द दुरुस्त कर दिया जाएगा। अभी तक बरसात के कारण मुरम्मत का कार्य शुरु नहीं किया गया था। मगर अब बारिश रुक चुकी है और मार्ग को अगले तीन या चार दिन में ठीक करवा दिया जाएगा।

### जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 में चोरों ने सूने घर से चुराई नकदी, मोबाइल और जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- घटना के समय घर से बाहर गए थे परिवार के सदस्य



जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 में चोरों ने सूने घर में घुसकर 30 हजार रुपये की नकदी, दो मोबाइल व जेवर चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटे तो चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हुड्डा सेक्टर-17 निवासी जाहिद ने बताया कि उनका जगाधरी के आशियाना भवन के सेकेंड फ्लोर पर घर है। 22 सितंबर को वह परिवार के साथ घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। जब वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 30 हजार रुपये की नकदी, दो मोबाइल, सोने के कुंडल, चांदी की गले की चेन, चांदी की दो अंगूठी गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## मान सिंह बने हरियाणा बैरागी सभा के जिला प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- हरियाणा बैरागी सभा की रादौर में बैठक आयोजित

हरियाणा बैरागी सभा के सदस्यों की रादौर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभा की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के मुख्य संरक्षक सुरेश कुमार ने की। सभा के मुख्य संरक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि बैठक में जिला की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें मान सिंह बैरागी को जिला प्रधान, देवी पाल व सुरेशपाल को सरंक्षक नियुक्त किया गया। वहीं, रोशनलाल बैरागी पूर्व सरपंच अंटावा को वरिष्ठ उप प्रधान नियुक्त किया गया। इसी तरह सुनील बावा, शिवकुमार बैरागी व रोबिन स्वामी को उप प्रधान, विजय बैरागी को महासचिव, नरेश स्वामी को सचिव, राज सिंह बैरागी को कोषाध्यक्ष व संदीप बैरागी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सभा के सदस्यों ने फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। नवनियुक्त जिला प्रधान मान सिंह बैरागी व वरिष्ठ उप प्रधान रोशनलाल बैरागी ने संयुक्त रूप से कहा कि सभा की ओर से उन्हें जो जिम्मेवारी दी गई है। वह उसे पूरी निष्ठा व लग्न के साथ निभाएंगे। उनका उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना होगा।

## विभागीय योजनाओं का गांव में प्रचार प्रसार करें सरपंचः अमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- सामाजिक न्याय, अधिकारिता अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग द्वारा जिला सचिवालय में अनुसूचित जाति के सरपंचो की आयोजित की बैठक

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सामाजिक न्याय, अधिकारिता अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग के तत्वावधान में जिला सचिवालय में जिले के 80 गांव के अनुसूचित जाति के सरपंचों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुसूचित जाति के सरपंचो को अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 व नागरिक संरक्षण अधिनियम 1955 तथा विभागीय स्कीमों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में पूर्व विधायक ईश्वर पलाका ने भाग लिया।



यमुनानगर। बैठक में भाग लेते अनुसूचित जाति के सरपंच और मुख्यातिथि।

जिला कल्याणा अधिकारी अनु बंसल ने बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यातिथि एवं हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह ने कहा कि सरपंच अपने गांव एवं अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को एक दूत के रूप में उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रचार प्रसार करें। मौके पर जिला उप न्यायवादी यमुनानगर सुधीर कुमार ने अनुसूचित जाति के सरपंचो को एससीए एसटी एक्ट के कानूनी एवं न्यायिक पक्ष के बारे में जानकारी दी। तहसील कल्याण अधिकारी जगाधरी अरिसूदन शर्मा ने एससी, एसटी एक्ट के अन्तर्गत नागरिकों के अधिकार एवं विभाग द्वारा दी जाने वाली राहत राशि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस बैठक में जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय से सहायक मनीष कुमारए पंकज कुमारए ईनाम मोहमद आदि मौजूद रहे।

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन में चल रही श्रीराम लीला

## श्रीराम के वन गमन को देख मूर्छित हो गए महाराज दशरथ



यमुनानगर। गांव नाचरौन में चल रही श्रीराम लीला में प्रस्तुति देते हुए कलाकार। फोटो : हरिभूमि

- श्रीराम वनवास का मंचन देखकर भाव विभोर हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन के तत्वावधान में आयोजित की जा रही चौदह दिवसीय श्रीराम लीला में चौथे दिन भगवान श्रीराम के वनवास का दृश्य मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के लक्ष्मण और सीता के साथ वन गमन करने के दौरान महाराजा दशरथ मूर्छित हो गए और पूरी अयोध्या गमगीन हो गयी। श्रीरामलीला का चौथे दिन शुभारंभ होते ही प्रथम दृश्य महाराजा दशरथ श्री राम को अयोध्या नरेश बनाने का ऐलान करते हैं और उसकी घोषणा पूरी अयोध्या नगरी में करवाते हैं। जिसे सुनकर मंथरा सीधी कैकई के पास जाती है और उसके कान भर्ती है। मंथरा कहती है कि यदि रामचंद्र का राजतिलक हो गया तो भरत दर.दर की ठोकरें खाता फिरेगा।

### कैकेई ने दो वरदान मांगे

उसकी बातों में आकर के कई राजा दशरथ से दो वरदान मांगने को कहती है। जिसमें वह पहले वर में रामचंद्र को 14 बरस का बनवास और दूसरे वर में भरत के लिए राजतिलक मांगती है।

जिससे दुखी होकर राजा दशरथ मूर्छित हो जाते हैं। तभी इस बात का पता श्री रामचंद्र को लगता है और वह माता कैकई के कहने पर खुशी खुशी वन जाने को तैयार हो जाते हैं। उनके साथ लक्ष्मण व सीता भी वन में उनके साथ चले जाते हैं। इससे हमें यह शिक्षा मिलती है कि श्री रामचंद्र ने माता पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए खुशी खुशी 14 बरस का बनवास स्वीकार कर लिया।

## जाट आरक्षण हमारा हक : दहिया

- अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति द्वारा चलाई जा रही भाईचारा यात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति की ओर से चलाई जा रही भाईचारा यात्रा के रादौर के जाटनगर में यात्रा के पहुंचने पर समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप दहिया व अन्य पदाधिकारियों का जिला प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल के नेतृत्व में समाज के लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप दहिया ने कहा कि भाईचारा यात्रा की शुरूआत गत 24 अगस्त को जसिया से की गई थी। यह यात्रा प्रदेश के सभी 90 विधानसभाओं में जाएगी। यात्रा तीन उद्देश्यों को लेकर चलाई जा रही है। यात्रा का उद्देश्य समाज में भाईचारा कायम करना है। जाट आरक्षण के लिए समाज के लोगों को जागरूक करना। जाट आरक्षण हमारा हक है उसे हम लेकर रहेंगे। विश्व धर्म एकता केंद्र में कौशल विकास के लिए कोचिंग का हब बनाया जा रहा है।



यमुनानगर। रादौर के जाट नगर में पहुंची भाईचारा यात्रा के स्वागत के दौरान समाज के लोगों को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### शांति प्रिय तरीके से आंदोलन किया जाएगा

जाट आरक्षण को लेकर समाज के लोग शांतिपूर्वक आंदोलन चलाए हुए हैं। पूर्व में किया गया आंदोलन नेतृत्व के बिना था। तीन बार समाज को आरक्षण मिल चुका है। कानूनी दाव पेंच के चलते आरक्षण मिलने में बाधा आई। बिना रोड जाम किए बिना और रेल रोके बिना आंदोलन किया जाएगा। शांति प्रिय तरीके से आंदोलन किया जायेगा। समाज के लाखों लोगों को इस मांग के लिए इकट्ठा किया जायेगा। प्रदेश में खेती करने वाली लगभग सभी जातियों को आरक्षण मिला है।

## खबर संक्षेप



### शहीदी दिवस पर 34 लोगों ने किया रक्तदान

**कुरुक्षेत्र।** जन सहयोग संस्था ने शहीदी दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 34 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के अध्यक्षता पूर्व प्रधान श्रवण कुमार ने की। उन्होंने बताया कि जन सहयोग संस्था पिछले 8 साल से कुरुक्षेत्र जिले में लगातार इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाएं देती आ रही है। जिले में हर महीने रक्तदान शिविर लगा कर और इमरजेंसी ब्लड डोनेशन करवा कर ब्लड एकत्रित करने का खिताब भी संस्था के नाम है।

### मां के जयकारों से गूंजा माता बाला सुंदरी मंदिर



**शाहबाद।** शारदीय नवरात्रों के अवसर पर नगर के माता बाला सुंदरी मंदिर के भवन को रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। नवरात्रों के मौके पर नगर और दूर दराज से माता के भगत माता के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। तीसरी नवरात्रि के उपलक्ष में माता चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। माता को नारियल चुन्नी और प्रसाद लगाया गया। मंदिर के प्रशासक टीकाराम गौतम ने मंदिर के भवन में पहुंचकर माता की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया।

### भाषण प्रतियोगिता में विजेताओं को नवाजा

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा नई दिशा नई उड़ान अभियान के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में जुवेनाइल जस्टिस एक्ट पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किशोर न्याय अधिनियम के बारे में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### हवन के साथ ईटीआई में नए सैशन शूरू

**कुरुक्षेत्र।** सरस्वती आई.टी.आई में नए सैशन 2025-26 की शुरूआत में छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए हवन यज्ञ करवाया गया। संस्थान के चेयरमैन राकेश सैनी तथा उनकी धर्मपत्नी सरोज सैनी ने हवन यज्ञ का शुभारम्भ करवा कर उसमे आहुति डाली और सभी के सुखमय जीवन की कामना की। इस मौके पर संस्थान के प्रधानाचार्य पाला राम, संस्थान में कार्यरत सभी मैंबर और शिक्षा ग्रहण करने आए सभी छात्र मौजूद रहे। सभी छात्रों को संस्थान ने चैयरमैन राकेश सैनी तथा प्रधानाचार्य पाला राम ने कहा किकिसी भी कार्य को करने से पहले हवन शुभ माना जाता है।

## इस्माईलाबाद में बन रही थी कालोनी, कच्ची सड़कों व डीपीसी को तोड़ा

# 5.5 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कालोनी में निर्माण किया नष्ट

*एसडीएम ने चेताया, सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में न आएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस ने बताया कि राजस्व संपदा पिहोवा खंड के इस्माईलाबाद में 5.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने पिहोवा में राजस्व संपदा पिहोवा के खंड इस्माईलाबाद में स्थित लगभग 5.5 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कालोनी में बनी सडकें, सीवरेज और मेनहॉल तथा गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया।

एसडीएम अभिनव सिवाच ने बताया कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा पिहोवा के खंड इस्माईलाबाद में लगभग 5.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे।



**पिहोवा।** अवैध निर्माण पर चलता पीला पंजा।

### आदेश के बावजूद भूस्वामियों ने निर्माण नहीं रोका

आदेश के बावजूद भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ने न तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और न ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट न खरीदें और न ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुमार्ना व 3 साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ग्रुप हाउसिंग स्कीम में दीनदयाल हाउसिंग स्कीम व अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है, जिसमें आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त की जा सकती है।

### 14 लोगों को अतिक्रमण हटाने के थमाए नोटिस

**कुरुक्षेत्र।** जिला नगर आयुक्त अमन कुमार ने कहा कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर परिषद द्वारा अब नोटिस भेजे जा रहे हैं। नोटिस में बकायदा उन्हें दो दिन का समय दिया जा रहा है कि उक्त समायावधि के दौरान आपके द्वारा जो वाहन सडक पर खड़े करके अतिक्रमण किया गया है उन्हें वहां से हटा लें, अन्यथा नगर परिषद द्वारा आपके वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा और इस कार्रवाई पर आने वाले हर्जे-खर्चे के आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। डीएमसी अमन कुमार ने सैनिटेशन ब्रांच के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य सफाई निरीक्षक जितेंद्र नरवाल ने कहा कि रोटरी क्लब चौक से झांसा रोड पर जाते समय रेलवे की दीवार के साथ-साथ करीब 10 ट्रैक्टर-ट्रॉली के मालिक को नोटिस जारी किए गए हैं और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर भी चस्पा किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मां भद्रकाली मंदिर चौक से शेख चिल्ली मकबरा तक कई दुकानदारों ने मोटरसाइकिल को तय जगह से बाहर बेचने व ठीक करने के लिए रखा हुआ है। जिसके कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वाले राहगीरो को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि ऐसे 14 लोगों को नोटिस जारी किया है जिन्होंने अपने साधन सडक पर खडे कर अतिक्रमण किया हुआ है। इस मौके पर नप ईओ राजेश कुमार, सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार, सफाई दरोगा सुरेंद्र सिंह व पवन कुमार मौजूद थे।

*सांसद के प्रयासों से उदयपुर सिटी- चंडीगढ़ -उदयपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस की सुविधा उपलब्ध कराई*

# कुरुक्षेत्र व कैथल के यात्रियों को मिली ट्रेन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से कुरुक्षेत्र और कैथल क्षेत्र की जनता को रेलवे द्वारा उदयपुर सिटी- चंडीगढ़ -उदयपुर सिटी (20989/20990) सुपरफास्ट एक्सप्रेस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस ट्रेन को सप्ताह में दो बार चलाने की घोषणा की गई है। यह नई रेल सेवा कैथल और कुरुक्षेत्र से होकर गुजरेगी, जिससे हजारों यात्रियों को सीधे जुड़ाव की सुविधा मिलेगी। इस ऐतिहासिक सौगात के लिए क्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। ट्रेन के चलने से धार्मिक और औद्योगिक क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। यह ट्रेन सुविधा न केवल यात्रियों का समय बचाएगी बल्कि धार्मिक नगरी कुरुक्षेत्र और औद्योगिक-कृषि क्षेत्र कैथल के विकास को भी नई गति प्रदान करेगी। देश के प्रमुख पर्यटन स्थल उदयपुर और चंडीगढ़ सीधे जुड़ जाएंगे।साथ ही, कैथल और कुरुक्षेत्र जैसे स्टेशन, जो शिक्षा और धर्म की दृष्टि से विशेष महत्व रखते हैं, अब देश के बड़े हिस्से से और बेहतर ढंग से जुड़ जाएंगे।



नवीन जिंदल।

### ये रहेगा शेड्यूल

सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 20989 उदयपुर सिटी से प्रत्येक बुधवार और शनिवार को 16:05 बजे रवाना होकर अगले दिन 09:50 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 20990 चंडीगढ़ से प्रत्येक गुरुवार और रविवार को 11:20 बजे रवाना होकर अगले दिन 05:25 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन यात्रा के दौरान राणाप्रतापनगर, मावली, कपासन, चंदेरिया, भीलवाड़ा, बिजयनगर, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, राजगढ़, अलवर, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, जींद, नरवाना, कैथल, कुरुक्षेत्र और अंबाला कैंट स्टेशन पर ठहराव करेगी।

### हरियाणा और पंजाब के यात्रियों को मिलेगा लाभ

इन ठहरावों से न केवल राजस्थान, बल्कि हरियाणा और पंजाब के यात्रियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। धार्मिक पर्यटन, औद्योगिक केंद्रों और शैक्षणिक शहरों से जुड़े लोग आसानी से उदयपुर और चंडीगढ़ तक पहुंच सकेंगे। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर रेलयात्रियों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही गई थी।

# भद्रकाली मंदिर में मां चंद्रघंटा का पूजन, भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- ॐ चंद्रघंटायै नमः मंत्र से की मां की अराधना

नवरात्रों के तीसरे दिन माँ भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में माँ भद्रकाली जी को नवरात्रि दिवस देवी के रूप में माँ चंद्रघंटा का आह्वान किया गया। प्रातः आरती में मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने माँ भद्रकाली जी के स्वरूप का श्रृंगार किया तथा माँ की अराधना ॐ चंद्रघंटायै नमः मंत्र से की गई। आज मंगला आरती के मुख्य अतिथि किरण चंद शर्मा रहे। पीठाध्यक्ष पं.सतपाल शर्मा जी ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सिंह वाहन वाली माता चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र बना हुआ है, जिसकी वजह से भक्त माँ को चंद्रघंटा कहते हैं। माँ का कल्याणकारी स्वरूप सोने की तरह चमकता प्रतीत होता है।



### नवरात्रि अन्नपूर्णा भंडारा आयोजित

*प्रातः 10 बजे अनिल सिंघल व दोपहर 12 बजे एसपी गोयल द्वारा नवरात्रि अन्नपूर्णा भंडारा आयोजित किया गया। शाम 4 बजे भजन संध्या में लखबीर सिंह लक्खा एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत की गई। भजन संध्या में माँ मुरादे पूरी करदे, छोटी छोटी गैया छोटे छोटे ग्वाल, भोले दी बारात इत्यादि भजनों से समाँ बांधा। अमन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।*

# डॉ आनंद को राष्ट्रीय पुरस्कार से किया सम्मानित

- 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के पुरस्कार समारोह में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के शिक्षक डॉ. आनंद जायसवाल को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर, कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. आनंद जायसवाल को बधाई देते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि डॉ. आनंद हरियाणा के वो कलाकार हैं जिन्हें इस वर्ष यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, ललित कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह व विभाग के शिक्षकों ने भी डॉ. आनंद को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में 5922 आवेदक थे। इस अवसर पर भारत सरकार के सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव विवेक अग्रवाल सहित आदि लोग मौजूद थे।

### डॉ.आनंद की रचना वृत्त की पहेली सुलझाना

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉ. आनंद जायसवाल ने बताया कि उनके द्वारा रचित सॉलविंग द पजल ऑफ सर्किल्स एक दृश्यात्मक रूप से प्रभावशाली, किन्तु गहन रूप से व्यंग्यात्मक रचना है जो औद्योगिक रूपों की व्यवस्थित सुंदरता और मानवीय कष्टों की कठोर वास्तविकता के बीच का अंतर दर्शाती है। नीले, हरे और काले रंग के करीने से रखे ड्रम, बार-बार दोहराए जाने वाले वृत्तों का एक मनमोहक जाल बनाते हैं, जो सटीकता, एकरूपता और नियंत्रण का संकेत देते हैं। लेकिन इस व्यवस्थित पृष्ठभूमि के सामने एक नंगे पाँव मजदूर खड़ा है, जो एक बैरल पर झुका हुआ है, जो शहरी गरीबों के मौन संघर्ष का प्रतीक है।



### सेवा पखवाड़ा के दौरान जनकल्याणकारी नीतियों की दी जा रही जानकारी : नरेंद्र

**कुरुक्षेत्र।** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक एमके पांडुरंग के निदेर्शानुसार तथा उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मार्गदर्शन में आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से निरंतर जागरूक करने के लिए गत 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के तहत विभाग द्वारा विशेष प्रचार अभियान जिले में चलाया हुआ है। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस विशेष प्रचार अभियान के तहत जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय की विभागीय भजन पार्टी व सूचीबद्ध ड्रामा पार्टी आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से निरंतर जागरूक करते हुए अपडेट कर रहा है ताकि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में विभागीय व सूचीबद्ध भजन पार्टियों और सूचीबद्ध ड्रामा पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत विशेष प्रचार अभियान के तहत आमजन को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का एक शेड्यूल तैयार किया गया है। विभाग की टीम में ड्रामा निरीक्षक विजय कुमार, जगदीश चंद्र एलबीपी, कलाकार राजकुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार, शीश राम,सुमन प्रकाश सहित सूचीबद्ध भजन पार्टी के कलाकार गांव-गांव जाकर अभियान के तहत प्रचार-प्रसार करने का काम निरंतर कर रहे है।

*अधिकारियों को करीब 3 घंटे तक धूप में बैठाए रखा*

# किसानों ने खरीद एजेंसियों के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

अनाज मंडी में धान की खरीद नहीं होने पर गुस्साएं किसानों ने खरीद एजेंसियों के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने मंडी में ही धरना दिया। किसानों ने मार्केट कमेटी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग और एजेंसी के अधिकारियों को अपने साथ करीब 3 घंटे तक धूप में बैठाए रखा। बाद में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर खरीद शुरू हुई। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने बताया कि सीएम 22 सितंबर से धान की सरकारी खरीद का ऐलान कर चुके हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई प्रबंध और व्यवस्था नहीं है। किसान मंडी में धान लेकर आ रहे हैं, मगर एजेंसी और मिलर्स खरीद को तैयार नहीं हैं। प्रिंस वड़ैच ने आरोप लगाया कि बीते 3 दिनों से मंडी में कोई खरीद नहीं हुई है। एजेंसी के पास न बारदाना है, न गाड़ियां है। यहां तक कि माल तौलने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है। 29 सितंबर को मौसम खराब होने के आसार हैं। बारिश हुई तो नुकसान किसानों का होगा।



### एजेंसियों पर किसानों को लूटने का आरोप

वड़ैच ने आरोप लगाया कि राइस मिलर्स और खरीद एजेंसियों ने किसानों को लूटने की साजिश रची है। पिहोवा में अब तक किसी भी मिलर्स ने खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं किया है। उधर, एजेंसियां खरीद नहीं कर रही है। उनकी पिछले साल की तरह 150 से 200 रुपए प्रति क्विंटल की कटौती पर खरीद की साजिश है। किसानों द्वारा विरोध करने पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर खरीद शुरु की गई।



### गीता निकेतन आवासीय विद्यालय ने संस्कार केंद्र का किया शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती की प्रेरणा से गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा ग्राम चुनिया फार्म में नए संस्कार केंद्र आनंद संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र हिन्दू शिक्षा समिति हरियाणा के अंतर्गत संगठित 201वां संस्कार केंद्र बना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चेतराम शर्मा उपाध्यक्ष, हिन्दू शिक्षा समिति एवं तरुण डोगरा विद्या भारती प्रांत सेवा संयोजक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया।एवं विद्यालय द्वारा संस्कार केंद्र चलाये जाने की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का प्रारंभ हवन-यज्ञ से हुआ, जिसमें मुख्य यजमान विद्यालय संगीत आचार्या सविता सेठ और उनका परिवार रहा। सेठ परिवार ने संस्कार केंद्र के आर्थिक सहयोग का दायित्व भी अपने कंधों पर लिया। हवन पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर केंद्र का औपचारिक शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि चेतराम शर्मा ने अपने आशीर्वचन में वर्तमान समय में संस्कार केंद्रों की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।



### सब यूनिट शहरी ने उपमंडल शहरी के खिलाफ गेट मीटिंग की आयोजित

**पिहोवा।** 33 केवी पिहोवा में आल हरियाणा पावर कॉपोरेशन वर्कर यूनियन पिहोवा यूनिट की सब यूनिट शहरी ने उपमंडल शहरी के खिलाफ गेट मीटिंग की जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट शहरी उप प्रधान प्रदीप सहारण ने की और मंच का संचालन सब यूनिट शहरी सुरेंद्र सिंह ने किया। कर्मचारियों को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए प्रदीप सहारण ने कहा कि कुछ दिन पहले उपमंडल अधिकारी ने सेफ्टी किट निकलवाई थी लेकिन आज तक कर्मचारियों को सेफ्टी किट उपमंडल अधिकारी द्वारा नहीं दी गई। कर्मचारियों का कार्य रिस्क का है बिना सेफ्टी किट के कर्मचारियों को जान जोखिम में डालकर कार्य करने को मजबूर हो रहें है। बिना सेफ्टी किट के लाइन पर कार्य करते समय कर्मचारी के साथ कोई भी हादसा हो सकता है लेकिन उपमंडल अधिकारी को पहले भी मीटिंग में अवगत करवा दिया था फिर भी अधिकारी ने कोई ध्यान नहीं किया। अधिकारी जानबूझ कर्मचारी की समस्याओं पर कर लापरवाही कर रहा है जिसके कारण कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। यूनिट सचिव गुरचरण संधु ने कहा कि उपमंडल अधिकारी शहरी बिजली विभाग कर्मचारियों को प्रताड़ित करके परेशान कर रहा है ।

**कार्यक्रम** विद्यार्थियों को जीवन की सच्ची दिशा दिखाते हुए स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच का महत्व समझाया

*बी.आर. इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन, छोटी आदतों में सुधार कर सफलता पाने के लिए किया प्रेरित*

# स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच ही सफलता की असली कुंजी : डॉ राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बी.आर. इंटरनेशनल स्कूल, कुरुक्षेत्र के प्रांगण में किशोर स्वास्थ्य राज्य अकादमी हरियाणा व इंडियन पीडियाट्रिक एसोसिएशन, कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष डॉ. राकेश भारद्वाज और आरोग्य जनकल्याण ट्रस्ट, कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. संजय शर्मा ने विद्यार्थियों को जीवन की सच्ची दिशा दिखाते हुए स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच का महत्व समझाया। डॉ. राकेश भारद्वाज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का दौर है और इसमें वही आगे बढ़ सकता है जो अपने शरीर और मन को अनुशासन में रखे। पढ़ाई में अच्छे अंक लेना हो या करियर में नई ऊँचाइयाँ छूनी हों, यह तभी संभव है जब आपकी नींव मजबूत हो। नींव है आपका स्वास्थ्य। केवल किताबों में डूबकर नहीं, बल्कि रोजमर्रा की छोटी आदतों में सुधार करके ही सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित खेलकूद और नशामुक्त जीवन ही भविष्य की सच्ची गारंटी है। उन्होंने नशीले पदार्थों को सपनों के सबसे बड़े दुश्मन बताते हुए विद्यार्थियों को इनसे दूर रहने का आग्रह किया।




**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करते डा. राकेश भारद्वाज।

### विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास करना लक्ष्य : दीपक

बी.आर. इंटरनेशनल ग्रुप के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने कहा कि विद्यालय का लक्ष्य केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व और स्वास्थ्य का विकास करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं और उन्हें समाज का जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय की प्रिंसिपल पूजा कम्बोज ने दोनों चिकित्सकों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि उनके विचार विद्यार्थियों के जीवन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें व्यावहारिक जीवन के लिए भी तैयार करते हैं। इस अवसर पर प्राचार्या पूजा कम्बोज, समस्त शिक्षक,शिक्षिकाएं एवं अन्य सहयोगी कर्मचारीगण ससम्मान उपस्थित रहे।

### ध्यान, योग व प्राणायाम के लिए किया प्रेरित

*डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि मनुष्य का जीवन केवल शरीर से नहीं चलता, बल्कि विचारों और मानसिक ऊर्जा से भी संचालित होता है। उन्होंने कहा कि यदि मन कमजोर है तो स्वस्थ शरीर भी बोझ बन जाता है। लेकिन यदि मन दृढ़ और सकारात्मक है तो मुश्किल हालात भी अवसरों में बदल जाते हैं। आयुर्वेद का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राकृतिक दिनचर्या, समय पर सोना-जागना और सात्विक भोजन न केवल रोगों से बचाता है, बल्कि जीवन में शांति और आनंद भी लाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे ध्यान, योग और प्राणायाम को अपनी आदतों में शामिल करें ताकि पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक संतुलन भी बना रहे।*

## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी सिकंदर को पुलिस ने काबू किया है। 3 अगस्त 2025 को एएनसी सैल ने हेरोइन तस्करी में बाइक सवार गुरदीप सिंह हन्नी को काबू किया था। तब पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 19 ग्राम हेरोइन जब्त की थी। अब पुलिस ने इस मामले में नए आरोपी सिंकदर को पकड़ा है। हन्नी ने इस मामले में पूछताछ के दौरान आरोपी सिंकदर के संलिप्त होने की बात कही थी। इसी आधार पर उसे काबू किया गया है।

### चोरी का आरोपी एक दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी कर्म सिंह उर्फ कर्मा को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ कर चोरीशुदा जेवरात बरामद किए गए हैं। गांव पिजौरा के सौरभ कुमार ने 1 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 अगस्त 2025 को साहा में स्थित उसके घर से आरोपी ने सोना-चांदी जेवरात व नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारने की धमकी देने का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी हरदीप सिंह, परमवीर व गगनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। महावीर नगर के निखिल ने 23 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि महेशनगर नगर चौक में आरोपी हरदीप सिंह, परमवीर व गगनप्रीत सिंह ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### भव्य पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन आज

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलने जा रहा है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के नेतृत्व और मार्गदर्शन में 25 को प्रातः 9 बजे से कॉलेज के मैनेजमेंट एवं टेक्नोलॉजी ब्लॉक में भव्य पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

*अविश्वास प्रस्ताव के जरिए तत्कालीन चेयरमैन लाड़ी को हटाए जाने के बाद से खाली पड़ी थी कुर्सी*

# अंबाला : नौ साल बाद सरदार मक्खन सिंह लबाना की ताजपोशी, सर्वसम्मति से बने जिला परिषद के चेयरमैन

कुछ रोज पहले ही कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में हुए थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

नौ साल पहले इनेलो के धड़े से सरदार मक्खन सिंह लबाना जिला परिषद के चेयरमैन बनते बनते रह गए थे। तब दो वोट क्रॉस होने की वजह से वे ये चुनाव हार गए थे। मगर अब लंबे इंतजार के बाद बुधवार को भाजपा खेमे से बतौर जिला परिषद चेयरमैन उनकी ताजपोशी हो गई।

कुछ रोज पहले ही वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। वार्ड नंबर 9 से जिला परिषद सदस्य मक्खन सिंह लबाना को सर्वसम्मति से चेयरमैन चुना गया है। लबाना के खिलाफ किसी ने भी चेयरमैन पद के लिए दावेदारी नहीं दिखाई थी। इसी वजह से उन्हें अब चेयरमैन नियुक्त किया गया है। कुछ समय पहले ही अविश्वास प्रस्ताव के जरिए जिप सदस्यों ने तत्कालीन चेयरमैन राजेश लाड़ी को इस पद से हटाया था।



अंबाला। जीत के बाद जिप चेयरमैन मक्खन सिंह लबाना को मिला सर्टिफिकेट दिखाते भाजपा नेता व जिप सदस्य।

## लड़ चुके विस व जिप चुनाव

मक्खन सिंह लबाना राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं। लंबे समय से राजनीति कर रहे मक्खन सिंह लबाना इससे पहले वर्ष 2008-09 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की टिकट पर अंबाला शहर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। तब उन्हें करीब 12 हजार वोट मिले थे। इसके बाद 2016 में उन्होंने इनेलो की टिकट से जिला परिषद चुनाव लड़ कर जीत हासिल की। तब इनेलो की ओर से मक्खन सिंह लबाना को चेयरमैन पद का उम्मीदवार बनाया था। हालांकि क्रॉस वोटिंग की वजह से वे चुनाव हार गए। उस समय भाजपा के सुरेंद्र सिंह राणा चेयरमैन बने थे। 2022 में हुए जिला परिषद चुनाव में मक्खन सिंह लबाना कांग्रेस की टिकट पर मैदान में उतरे। इसके बाद उन्होंने भाजपा के जिलाध्यक्ष मनदीप सिंह राणा को शिकस्त देकर जीत हासिल की। तब कांग्रेस की ओर से उन्हें चेयरमैन उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया। हालांकि चुनाव से ऐन पहले मक्खन सिंह लबाना को पुलिस ने कबूतरबाजी के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया। इसी वजह से भाजपा के राजेश कुमार लाड़ी जिला परिषद के चेयरमैन बन गए। इस साल हुए विधानसभा चुनाव में राजेश लाड़ी भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। मगर भाजपा के फिर से सत्ता में आने के कारण उन्हें अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। मौका पाकर कुछ रोज पहले ही मक्खन सिंह लबाना फिर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल की अगुवाई में भाजपा में शामिल हो गए। तभी से उनके जिप चेयरमैन बनने की बात कही जा रही थी।

## 14 सदस्य मौजूद रहे

एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि वार्ड नंबर 9 के सदस्य मक्खन सिंह लबाना को जिला परिषद का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। एडीसी के डीआरडीए कांफ्रेस हाल में इस सिलसिले में सभी सदस्यों की मीटिंग बुलाई गई थी। इसमें 15 में से 14 सदस्य मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने मक्खन सिंह लबाना को सर्वसम्मति से चेयरमैन नियुक्त करने का ऐलान किया। इस मौके पर डीडीपीओ दिनेश शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, महामंत्री कर्मचंद गोल्डी, भाजपा पदाधिकारी दिनेश लदाणा, यतिन बंसल, अनुभव अग्रवाल, संजीव गोयल टोनी, अशीष टक्कर भी मौजूद रहे।

## ज्यादातर सदस्य समर्थन में आए

यहां जिला परिषद के कुल 15 वार्ड हैं। इनमें से भाजपा समर्थित 8, कांग्रेस के 4 और बसपा के 3 सदस्य हैं। पहले संभावना जताई जा रही थी कि कांग्रेस बसपा के साथ मिलकर चेयरमैन पद के लिए अपना उम्मीदवार मैदान में उतार सकती है। मगर ज्यादातर सदस्यों ने भाजपा सदस्य मक्खन सिंह लबाना को सर्वसम्मति से चेयरमैन नियुक्त करने का निर्णय लिया। इसी वजह से मतदान की संभावना ही खत्म हो गई।

## राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं



**बराड़ा।** डीएवी स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने किया। इस अवसर पर प्रोग्राम ऑफिसर सविता सैनी, इकाई कार्यकर्ता रजनी गुप्ता व शिक्षिका रिंपी भी उपस्थित रहीं। प्राचार्या सुनीता कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। स्वच्छता अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर के अंदर और बाहर स्वच्छता कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या ने कहा कि एनएसएस से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में अनुशासन, जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया *फोटो :हरिभूमि*

# शिविर में 81 युवाओं ने किया रक्तदान, पूर्व विधायक ने युवाओं का किया उत्साहवर्धन

- चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किया रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शहजादपुर

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने गांव कडासन में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के शहजादपुर मंडल व कड़ासन मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें दोनों मंडलों के 81 रक्तदाताओं ने रक्त दान किया। सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। रक्तदान के जरिए न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जाती है, बल्कि समाज में मानवता और आपसी सहयोग की भावना भी प्रबल होती है। उन्होंने कहा गांव कडासन में जिस तरह युवाओं और अन्य लोगों ने रक्तदान शिविर में भाग लेकर मानवता की मिसाल पेश की है, वह सराहनीय है। भाजपा के कार्यकर्ता सेवा भाव से जुड़े हुए हैं और पार्टी की यही पहचान है कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है।



शहजादपुर। रक्तदाता को प्रोत्साहित करते पूर्व विधायक सैनी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

रक्तदान करने वाले सभी साथी जीवनदायिनी भूमिका निभाते हैं। यह एक ऐसा पुण्य कार्य है जो हमेशा किसी न किसी के जीवन को बचाने में सहायक होता उन्होंने सभी रक्तदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए युवाओं से अनुरोध किया कि वे नियमित रूप से ऐसे सेवा कार्यों में भाग लें। ऐसे शिविरों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और नए रक्तदाताओं को प्रेरणा मिलती है। जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, शहजादपुर मण्डल प्रधान विक्रम राणा, कडासन मंडल प्रधान हरजिंद्र पाल, महामंत्री मोहित शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र राणा, अनिल कुमार मंडल सचिव, सुरेंद्र शर्मा, राकेश बिंदल, अमनदीप सिंह गोपाल कृष्ण, सुनील कुमार, अशोक कुमार, रामवीर प्रतापत, अमित राणा आदि मौजूद रहे।

### ट्रेडिंग के नाम पर 13.60 लाख की ठगी

**अंबाला।** ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर अंबाला शहर के रोहित शर्मा से 13.60 लाख की धोखाधड़ी हो गई। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में सिटी के कोतवाली बाजार के रोहित शर्मा ने बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में काम करता है। 21 अगस्त को वह अपनी फेसबुक आईडी देख रहे थे कि अचानक ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का एक लिंक सामने आया। लिंक पर क्लिक किया तो वह एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गए। इस ग्रुप में काफी लोग थे। तभी डॉ. जितेंद्र बहादुर नाम के व्यक्ति का मैसेज आया। उसने ऑनलाइन ट्रेडिंग करने का झांसा दिया। इस तरह से 15 सितंबर तक पैसे लगवाते रहे, साथ ही ऑनलाइन मोटा मुनाफा दिखाते रहे। बोल रहे थे कि सारा पैसा एक साथ निकल जाएगा। आखिर में जब रुपये निकाले तो ग्रुप से हटा दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बराड़ाः वार्ड नंबर 4 में गली का होगा निर्माण, अध्यक्ष ने किया शिलान्यास

- रेखा टेलर के घर से गुरदीप सिंह के घर तक बनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने वार्ड नंबर 4 में नपा सदस्य प्रवेश मेहंदीरत्ता के साथ मिलकर एक नई गली का शिलान्यास किया। यह गली रेखा टेलर के घर से गुरदीप सिंह के घर तक बनाई जाएगी। इस मौके पर पूर्व सदस्य संदीप अरोड़ा के पिता सुरेंद्र बिल्ला ने नारियल फोड़कर गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नपा सदस्य प्रवेश मेहंदीरत्ता ने बताया कि चेयरमैन रजत मलिक ने पहले ही कई गलियों के टेंडर पास करा दिए हैं। बारिश के कारण कुछ कामों में देरी हुई थी लेकिन अब उन्हें दोबारा शुरू कर दिया गया है। उम्मीद है कि अगले दो-तीन महीनों में ये गलियां पूरी हो जाएंगी। इसके अलावा, कुछ और गलियों के लिए भी जल्द ही टेंडर जारी किए जाएंगे। इस मौके पर बोबी मलिक, अनुराग अग्रवाल, राजिंदर मक्कड़, लकी पाहवा, मोनू मक्कड़, जसप्रीत बबू मक्कड़, रितेश वधवा, अनिल जैन, महेश खनेजा, सोनू खनेजा, शंटी वधवा, , लवीश भी मौजूद थे।



बराड़ा। गली के निर्माण कार्य का शुभारभ करते हुए चेयरमैन। फोटो : हरिभूमि



### रेजिडेंट्स वेलफेयर एसो.बोर्ड का गठन

**पंचकूला।** मोहाली एडीसी (यूडी) के आदेशानुसार, सिल्वरसिटी थीम्स, मुबारकपुर की चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल पारस राम द्वारा चुनाव समिति के सदस्यों श्री वीरेंद्र सेखरी और सुश्री रीत गुलाटी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। 23 सितंबर, 2025 को सिल्वरसिटी थीम्स में सर्वसम्मति से एक नए रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) बोर्ड का गठन किया गया। अध्यक्षः राकेश मित्तल को मौजूदा बोर्ड सदस्यों के पूर्ण समर्थन से सर्वसम्मति से पुनः निर्वाचित किया गया। अन्य निर्वाचित कार्यकारी बोर्ड सदस्य हैंः उपाध्यक्षः सुश्री लूसी बर्गेस, महासचिवः सुश्री राजवीर कौर वालिया, कोषाध्यक्षः श्री गगन तनेजा, संयुक्त कोषाध्यक्षः श्रीमती वसुमती शर्मा, चुने गए टावर निदेशकों के नाम हैंः श्री नरेश सूद, श्री नितिन गवारी, श्री राजेंद्र कौशिक, श्री आशीष मौदगिल और श्री शुभम शर्मा। आज की बोर्ड बैठक में हुई पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सर्वसम्मति से संपन्न हुई। अध्यक्ष राकेश मित्तल ने आभार व्यक्त किया और सभी बोर्ड सदस्यों को आश्वासन दिया कि बोर्ड समाज की प्रगति और बेहतरी के लिए मिलकर काम करेगा।

# अध्यापक बीएलओ की ड्यूटी कर रहे, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित

- अध्यापक बच्चों को पढ़ाएं या अन्य कार्यों में समय बर्बाद करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

अधिकतर सरकारी स्कूलों के अध्यापकों को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का कार्य सौंपा गया है। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के जिला कार्यकारिणी सदस्य लहरी सिंह ने कहा कि अध्यापकों से मतदाता सूची का मिलान और वोट से संबंधित लगभग सभी काम करवाए जा रहे हैं, जबकि उनका पहला कर्तव्य बच्चों को शिक्षा देना है। कई स्कूलों में केवल एक ही अध्यापक है, जिसे पढ़ाई कराने की बजाय बीएलओ का काम सौंप दिया गया है। सितम्बर माह में जहां सेवा पखवाड़े और अन्य गतिविधियां चल रही हैं। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का सावधानीपूर्वक मिलान भी करवाया जा रहा है। इन सब गैर-शैक्षिक कार्यों के कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

### छह अध्यापकों को लगाया काम पर

लहरी सिंह ने बताया कि बीएलओ ड्यूटी लगाने में भी भेदभाव किया जा रहा है। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पहले ग्रुप सी के कर्मचारियों को लगाया जाना चाहिए और बाद में ग्रुप बी के कर्मचारियों को। लेकिन क्षेत्र में इसका पालन नहीं किया जा रहा। बूथ नंबर 140 में ग्रुप सी कर्मचारी मौजूद होने के बावजूद उन्हें दरकिनार कर ग्रुप बी अधिकारी को बीएलओ बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर बराड़ा एसडीएम और चुनाव कानूनगो को भी पत्र लिखकर अवगत कराया गया है, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि जफरपुर सरकारी स्कूल से 5 अध्यापकों को बीएलओ और 1 को सुपरवाइजर बना दिया गया है। ऐसे में जब एक ही स्कूल से 6 टीचर बाहर रहेंगे तो पढ़ाई कौन करवाएगा? लहरी सिंह ने कहा कि बीएलओ का कार्य सीएससी स्तर पर भी करवाया जा सकता है, जिससे अध्यापकों को गैर-शैक्षिक कार्यों से मुक्ति मिलेगी। संघ ने सरकार और चुनाव आयोग से मांग की है कि अध्यापकों को बीएलओ ड्यूटी से तुरंत मुक्त किया जाए।

### प्रॉपर्टी डीलर के गले से चेन छीनकर बाइक सवार फरार

**अंबाला।** पुलिस लाइन के पास से पल्सर बाइक सवार दो झपटमार प्रॉपर्टी डीलर के गले से सोने की चेन झपट कर ले गए। बलदेव नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में सिटी की शिवालिक कॉलोनी निवासी अंकित ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलर है। 22 सितंबर को वह जिम से अपने दोस्त अमन के साथ स्कूटी पर सेक्टर-7 जा रहा था। जैसे ही वह पुलिस लाइन मैदान के पास पहुंचा तो रात 9.25 बजे पल्सर बाइक सवार दो युवक गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। आरोपियों ने हेलमेट लगाया हुआ था। कुछ दूरी तक उन्होंने आरोपियों का पीछा भी किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वह मॉडल टाउन की तरफ फरार हो गए। चेन की कीमत दो लाख रुपये थी।

**निरीक्षण** गंभीर बीमारियों का उपचार, मंत्री ने अधिकारियों को दिए जल्द काम पूरा करने के निर्देश

# 14.79 करोड़ की लागत से 100 बैड के भवन का तेजी से हो रहा है निर्माण, विज ने लिया जायजा

अस्पताल की स्थापना से लोगों को इधर-उधर जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला छावनी सिविल अस्पताल में 100 बैड के नए भवन का निर्माण चल रहा है। बुधवार को मंत्री अनिल विज ने इसका मुआयना किया। उन्होंने जल्द इसका निर्माण पूरा होने की उम्मीद जताई। यहां पर मुख्य रूप से क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) स्थापित होगी। इसकी स्थापना से लोगों को इधर-उधर जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। यहां ईलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ कैंसर अस्पताल में जल्द पेट स्कैन का काम भी शुरू होगा। अभी इसका कार्य टेंडर लेवल है। निरीक्षण के दौरान मंत्री अनिल विज ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों ने कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह कार्य जल्द पूरा किया जाए ताकि अस्पताल में ईलाज के लिए आने वाले मरीजों को इसका लाभ मिल सके।

गौरतलब है कि लगभग 14.79 करोड़ रुपए की लागत से बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रितेश अग्रवाल, सीएमओ डॉ. राकेश सहल, पीएमओ डॉ. पूजा व अन्य मौजूद रहे।



अंबाला। नई बिल्डिंग के निर्माण का मुआयना करते मंत्री अनिल विज।

### 200 बेड हो जाएगी क्षमता

सिविल अस्पताल में 100 बेड की नई बिल्डिंग का निर्माण होने से अस्पताल की क्षमता 200 बैड हो जाएगी। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को काफी फायदा होगा। मौजूदा समय में सिविल अस्पताल में 100 बैड की ही सुविधा है। मगर लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या के कारण अस्पताल में बैड की कमी खलने लगी है। इसीलिए 100 बेड नई बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है।

### सीसीयू में ये होंगी सुविधाएं

**दो बेसमेंट फ्लोरः** नई बिल्डिंग में कुल सात फ्लोर होंगे जिनमें दो बेसमेंट फ्लोर होंगे, इसमें एक फ्लोर पर वाहनों की पार्किंग होगी जबकि दूसरे फ्लोर पर एसी प्लांट व गैस प्लांट लगाया जाएगा।

**ग्राउंड फ्लोरः** ग्राउंड फ्लोर में रजिस्ट्रेशन कम रिसेप्शन सेंटर, इमरजेंसी सर्विस उपलब्ध होगी, शोचालय व अन्य सुविधाएं होगी।

**पहला फ्लोरः** पहले फ्लोर पर ईमरजेंसी वार्ड होंगे जिनमें 28 बेड होंगे। दूसरे फ्लोर पर इनफेक्टिव आईसीयू (इनटेंसिव केयर यूनिट)।

**तीसरा फ्लोरः 3** इनफेक्टिव ओटी, सुपर स्पेशलिस्ट ओटी तथा वार्ड होंगे। जबकि चौथा फ्लोर पर इनफेक्टिव ओटी, इनफेक्टिव ओटी, सुपर स्पेशलिस्ट ओटी तथा वार्ड होंगे।

### जीवन रक्षक साबित सीसीयू

100 बेड बिल्डिंग को क्रिटिकल केयर यूनिट की तरह तैयार किया जा रहा है जहां गंभीर या आपात समय में मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध होगी। क्रिटिकल केयर यूनिट में मरीज की निगरानी के लिए आवश्यक उपकरण, जरूरी दवाओं की व्यवस्था और मरीज की स्थिति के आधार पर चिकित्सीय निर्णय लेना शामिल होता है। क्रिटिकल केयर यूनिट में दिल की धडकनों, रक्तचाप, और अन्य महत्वपूर्ण शारीरिक संकेतों पर कड़ी नजर रखी जाती है। इससे डॉक्टर तुरंत किसी भी असामान्य लक्षण को पहचान कर त्वरित इलाज कर सकते हैं। सीसीयू में ऑक्सीजन सपोर्ट, दवाओं का इस्तेमाल, इमरजेंसी प्रोसीजर, पोस्ट-केयर व रिकवरी आदि सुविधा रहती है।